प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबन्धन महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के परिणाम घोषित

पंतनगर। 17 जून 2022। विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबन्धन महाविद्यालय ने अपने एम.बी.ए. शैक्षणिक कार्यक्रमों के बैच 2022–24 में प्रवेश हेतु सफल अभ्यर्थियों की सूची निर्गत की जिसमें सभी कार्यक्रमों हेतु विभिन्न श्रेणियों में चयनित 42 अभ्यर्थियों (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग सम्मिलित) के नाम सम्मिलित हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला ने प्रवेश परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कर चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी करने पर अधिष्ठाता, कृषि व्यवसाय प्रबन्धन महाविद्यालय, डा. आर.एस. जादौन; विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक, डा. विनोद कुमार तथा प्रभारी प्रवेश एम.बी.ए. कार्यक्रम, डा. सौरभ सिंह को बधाई दी। उन्होंने महाविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिये आश्वत करते हुये उनके चयनित होने पर बधाई दी।

डा. आर.एस. जादौन ने बताया कि इस बार कुल चयनित अभ्यर्थियों में विद्यार्थियों का प्रतिशत 33 से अधिक है। उन्होंने यह भी बतया कि आज तक महाविद्यालय से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को सेवायोजन प्रदान कराने में महाविद्यालय की सफलता की दर लगभग शत–प्रतिशत रही है। डा. विनोद कुमार ने बताया कि इस वर्ष महाविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया को पूर्णतया ऑनलाइन कर दिया गया था। इसके परिणामस्वरूप आवेदकों की संख्या में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई। डा. सौरभ सिंह ने बताया कि एम.बी.ए. शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु तीन चरणों में परीक्षा आयोजित की जाती है। प्रथम चरण में अभ्यर्थियों को ब|ज अथवा बड|ज में लिखित परीक्षा देना होता है, द्वितीय चरण में ग्रुप डिशक्शन तथा तृतीय एवं अन्तिम चरण में व्यक्तिगत साक्षात्कार देना होता है। सत्र 2022–23 में प्रवेश प्रक्रिया के द्वितीय एवं तृतीय चरणों में सम्मिलित होने हेतु ब|ज्ध्बड|ज में प्राप्त परिणामों के आधार पर महाविद्यालय की 40 सीटों पर चयन हेतु 194 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिसमें 123 अभ्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा के द्वितीय एवं तृतीय चरण हेतु अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। सभी चरणों में अभ्यर्थियों द्वारा अर्जित प्राप्तांकों के आधार पर वरीयता सूची बनायी गयी। प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों में 55 प्रतिशत उत्तराखण्ड से एवं 45 प्रतिशत देश के अन्य राज्यों, जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, आन्ध्रप्रदेश, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, तेलंगाना, बिहार, महाराष्ट्र, बंगाल सम्मिलित है। डा. जादौन तथा डा. सौरभ सिंह ने सभी संकाय सदस्यों तथा अन्य कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

**निदेशक संचार**